# बिहटा में जाम का निकलेगा हल: विजय सिन्हा

संवाददाता, पटना

**उपमुख्यमंत्री** सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहटा में जाम की समस्या का शीघ्र समाधान होगा. उन्होंने कहा कि नगहर (एनएच-139) से परेब (बिहटा) के पास एक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण होने से जाम की समस्या पर बहुत हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा. यह सड़क लगभग 23 किमी लंबी होगी. इससे कनपा-बिक्रम से आने वाले वाहन बिना बिहटा चौक आते हुए भोजपुर की ओर जा सकेंगे. वहीं कन्हौली चौक से कोइलवर फोरलेन तक सड़क के चौड़ीकरण से जाम की समस्या बहुत हद तक दूर हो सकेगी. यह सड़क एनएचएआइ के अधीन है. उपमुख्यमंत्री ने ये बातें गुरुवार को बिहटा जाम की समस्या के समाधान के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक में कहीं. बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी सहित पटना, भोजपुर और सारण के डीएम व एसपी भी उपस्थित रहे. बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस संबंध में तथ्यों की जानकारी दी. वहीं अपर आरक्षी महानिदेशक (यातायात) द्वारा एक प्रस्तुतीकरण भी दिया गया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा जाम की समस्या को लेकर मुख्य सचिव ने भी छह जनवरी 2025 को एक बैठक की थी.



बैठक में उपस्थित उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा व अन्य.